दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

हिन्दी दैनिक

वर्ष-12, अंक-108 वीरवार 20 अप्रैल, 2023, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## सांस्कृतिक कार्यक्रम उडान में अग्रणी रहे अग्रवाल कॉलेज के छात्र

**बल्लभगढ़, 19 अप्रैल, सत्यजय टाईम्स/रुपेश बंसल।** सरस्वती महिला कॉलेज में आयोजित राज्य स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम उडान 1.0 में अग्रवाल कॉलेज की छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में बाजी मारी। छात्राओं ने वाद - विवाद प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ की छात्रा सुजाता बी. ए द्वितीय वर्ष ने वाद विवाद प्रतियोगिता में शीर्षक- सदन के मत में सोशल मीडिया एक वरदान है- के पक्ष में राष्ट्रीय भाषा हिंदी में प्रथम स्थान प्राप्त कर 2100रू का नगद पुरस्कार प्राप्त किया वहीं छात्रा हिमिका ने विपक्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त कर 1800रू का नगद पुरस्कार व प्रमाण पत्र प्राप्त किया। अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने विजयी छात्राओं को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डॉ० कृष्णकांत गुप्ता ने छात्राओं की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ उनके मन-मस्तिष्क में राष्ट्रवाद व राष्ट्रीय निर्माण के प्रति सकारात्मक समझ व दृष्टिकोण विकसित करती हैं। डॉक्टर यशिका यादव, फैमिली कोर्ट, फरीदाबाद में विजयी छात्राओं को नगद पुरस्कार व सर्टिफिकेट प्रदान किए। राज्य - स्तरीय प्रतियोगिता में अग्रवाल महाविद्यालय के सांस्कृतिक कार्यक्रम संयोजक डॉ. के.एल. कौशिक व इंचार्ज डॉ. पूजा सैनी के कुशलमार्गदर्शन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य- डॉ. मनोज शुक्ल, डॉ. नरेश कामरा, डॉ. राम चन्द्र , डॉ. डिम्पल व मिस्टर सुभाष ने छात्राओं को जीत की बधाई व शुभकामनाएं दी।



विजेताओं का उत्साहवर्धन करते प्राचार्य डा. के.के.गुप्ता।
छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।